R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 52 | अंक : 12 | दिसम्बर 2022 | विक्रम संवत् 2079 | मार्गशीर्ष | लागत मूल्य : ₹ 6

स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि : **श्री भूषणजी गगराणी** (IAS)
(अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, महाराष्ट्र शासन)

रविवार दि. 8 जनवरी 2023 प्रात: 9.45 से अपराह्न 2 बजे तक

स्थल : श्री षण्मुखानन्द चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई



## राधाकृष्ण एक अलौकिक लीला अनेक

नृत्य, गीत एवं भक्ति का अनूठा संगम

**निर्मिति**
श्री भूपेश पटेल एवं
श्री भार्गव पटेल

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक**

रामकिशोर दरक - अध्यक्ष
घनश्याम रान्दड़ - संयोजक
(वार्षिक कार्यक्रम समिति)

प्रमोदकुमार देवपुरा - अध्यक्ष
नारायण मालपानी - मंत्री
(माहेश्वरी प्रगति मण्डल)

## भावी कार्यक्रम एक नजर में. . .

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Digital Biodata Seminar | विवाह सहयोग समिति | 24 दिसम्बर 22 / 22 जनवरी 23 | 05 |
| 2. | वार्षिकोत्सव | माहेश्वरी प्रगति मण्डल | 8 जनवरी 2023 | 01 |
| 3. | Box Cricket Tournament | बोरीवली युवा समिति | 24,25,26 फरवरी 2023 | 04 |
| 4. | सामाजिक विषय पर परिचर्चा | विवाह सहयोग समिति | 14 मार्च 2023 | 09 |

## CONGRATULATIONS ! Kirti Bharadia Sets World Record !!

Kirti Nandkishore Bharadia, a 16 year old student of Hirachand Nemchand Collage of Commerce has set a world record by swimming non-stop, a distance of 36 km from Worli Sea Link to Gateway of India in the Arabian Sea in Mumbai on Thursday, Nov. 24th, 2022.

Kirti started swimming from Mumbai's Worli Sea Link at 11:52 am on Thursday and reached Gateway of India by around 7:30 pm. Officials of the World Record Community were present at this time to examine this record.

Mandal Pariwar hereby takes pride in congratulating KIRTI and wishing her more Power and Great Luck!

**Narayan Malpani - Mantri**

## बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

## आनन्द मेला एवं मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह

रविवार, दि. 22 जनवरी 2023 सायं 5 बजे से

**स्थल :** बोरीवली प्लॉट

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक** - सुनीलकुमार नुवाल - संयोजक - 98200 57941

## Updation of Member & Family Data

### Search & Verrify Your Member Data Online

www.mumbaimaheshwari.com/searchmembers

Step 1 : Visit the Above URL or Scan the Above QR Code.

Step 2 : Type your Name → Click on Search.

Step 3 : Member information will be Displayed.

Step 4 : If Mobile No. error/missing, contact your Kshetriya Sanyojak.

### Update Your Member & Family Data Online

www.mumbaimaheshwari.com/login

Step 1 : Visit the Above URL or Scan the Above QR Code.

Step 2 : Enter Your Contact Number → Click on Send OTP

Step 3 : Put Your OTP → Click on Sign in.

Step 4 : Update Profile Information & Family Data → Click on Submit

**SANGHTAN evam JANSEVA SAMITI & IT SAMITI**



रास्ते कभी खत्म नहीं होते,
बस लोग हिम्मत हार जाते है।

प्रिय स्वजनों,

जय श्री कृष्ण।



जहाँ सब चीजों से बड़ा केवल संस्कार होता है,
हर एक बात का कोई ना कोई आधार होता है।
आपस में मिलकर रिश्ते जहां खिलखिलाते हैं,
ऐसी एक जगह है जिसका नाम परिवार होता है।

बन्धुओं, अपनी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का मूल आधार परिवार है। जिस तरह चार दीवारों और छत को मकान कहते है परन्तु घर नहीं, उसी तरह केवल एक साथ रहने से ही नहीं, परस्पर रिश्तों को सहजता से निभाने वाले व्यक्ति-समुह को परिवार कहते है।

भारत में प्राचीन काल से ही लोग संयुक्त परिवारों में रहते आये हैं। संयुक्त परिवार एक अविभाजित परिवार होता है जिसमें एक ही घर में एक से ज्यादा पीढ़ी मिलजुलकर साथ रहती हैं। संयुक्त परिवार के अन्तर्गत दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची और उनके बच्चें एक साथ रहते हैं। देहातों में आज भी 2/3 भाईयों का परिवार एक साथ रहता है।

संयुक्त परिवार के बहुत लाभ है। बच्चों को बडों का स्नेह मिलता है बच्चों की परवरिश आसानी से होती है। परिवार के सभी सदस्य घर खर्च चलाने में सहायता करते है जिससे जिम्मेदारी का बोझ किसी एक के कंधो पर नहीं पड़ता है। परिवार के किसी भी सदस्य को मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ता है। सभी लोग एक दूसरे की मुश्किल का हल निकालते है। त्यौहारों का आनन्द दोगुना होता है व दुःख का भार कम हो जाता है। बच्चों में प्रेम, सहयोग, रिश्तों का आदर करने की भावना पनपती है और उनमें संस्कार अपने आप पनपते है। बच्चों के विकास के लिए एक अनुकूल व पोषक वातावरण उपलब्ध होता है, उनको मार्गदर्शक व सहभागी दोनो ही मिलते है। व्यक्ति को कभी भी अकेलापन महसूस नहीं होता है और उसमें हमेशा एकता की भावना रहती है।

वर्तमान परिवेश में नौकरी, व्यापार व व्यवसाय के कारण एकल परिवार का प्रचलन बढ़ने लगा है एवं संयुक्त परिवार धीरे धीरे लुप्त हो रहे है। बच्चों की पढाई पूर्ण होने पर वे अपने करियर को बढ़ाने हेतु माता-पिता से अलग किसी दूसरे शहर में अथवा विदेश जाकर वहीं पर बसते है। भारतीय समाज में बहुत तेजी से परिवर्तन हो रहा है। संयुक्त परिवार जो कभी भारतीय सामाजिक व्यवस्था की नींव हुआ करते थे, आज वह पूरी तरह नष्ट हो रहे है। बदलते परिवेश में मुख्य रूप से हम आर्थिक व्यवस्था व अपने व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता दे रहे है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती मांग, सहनशीलता की कमी और संकुचित होती हुई मानसिकता संयुक्त परिवार के नष्ट होने के अनेक कारणों में से प्रमुख कारण है। उपरोक्त हालात को हम चाहते हुए भी बदल पाना आज की परिस्थितियों में नामुमकिन है। परन्तु क्या इसका विकल्प नहीं है ? वर्तमान परिवेश में यह एक बड़ी चुनौती न केवल माहेश्वरी अपितु सभी समाज में कम अधिक रूप में उभरकर आ रही है। इन चुनौतियों के निवारण हेतु कुछ विकल्प बिन्दु रूप में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

- एक छत के नीचे रहना सम्भव नहीं परन्तु महीने में एक या दो बार एक दूसरे के यहां एक दिन बिताना चाहिये।
- साल भर में कम से कम एक यात्रा (3/4 दिन की) साथ में करना।
- अपने भाई-बहन के परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु आवश्यकता होने पर आर्थिक सहयोग करना।
- बीमारी में यथा सम्भव एक दूसरे की सभी प्रकार की सहायता करना।
- मित्र परिवार, पड़ोसी परिवार व अपने समाज का बृहद् परिवार इन सबसे सम्पर्क बनाये रखना।
- साथियों, मण्डल के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज से जुड़कर संयुक्त परिवार के जो लाभ है वे कुछ अंश तक हम अवश्य प्राप्त कर सकते है। संयुक्त परिवार तो रहे नहीं परन्तु अपने एकल परिवार में रहते हुए समाज के बृहद् परिवार के साथ अपना पारिवारिक जीवन खुशहाली से जी सकते हैं।

तैरना है तो पानी में उतरना पड़ेगा,
यूं किनारे पर बैठकर कोई गोताखोर नहीं बनता।

बन्धुओं, गत् 26 एवम् 27 नवम्बर को हमारी युवा समितियों ने खेल महोत्सव का आयोजन किया था जिसमें 15 से 40 आयु वर्ग के लगभग 300 युवक-युवतियों ने भाग लिया। तदर्थ आयोजकों का हार्दिक आभार व सहयोगियों को धन्यवाद। भविष्य में भी युवाओं के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। युवाओं से आग्रह है कि आप तो आये ही साथ में नये युवाओं को भी लेकर आये और उनको अपने मण्डल परिवार का सदस्य बनाये। इस बृहद् परिवार के सक्रिय सदस्य बनकर परिवार को प्रगति के पथ पर आगे ले जाये। दि. 8 जनवरी 2023 को आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया जायेगा एवम् 'राधाकृष्ण एक अलौकिक लीला अनेक' की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आप सभी से आग्रह है कि कार्यक्रम में सपरिवार अवश्य पधारें।

दिन की शोभा सूरज की रोशनी से, रात में आकाश की शोभा चांद-सितारों से,
बगीचे की शोभा रंगबिरंगे फूलों व पौधों से, परिवार की शोभा रिश्तों व उनको निभाने से होती है।
नये वर्ष 2023 एवम् मकर संक्रान्ति की शुभकामनाओं सहित, जय महेश।

विनम्र

प्रमोदकुमार देवपुरा (अध्यक्ष)

मुम्बई
दिनांक : 15 दिसम्बर 2022




## BOX CRICKET TOURNAMENT

**24th, 25th & 26th February @ MPM Borivali Plot, Borivali (W)**

Friday to Sunday (Matches if held on Friday 24th Feb would be between 8 pm to 10 pm only)

- Any player who wants to participate in MPL-XIII has to register his name.
- Enrollment for participation is on first come first basis.
- Kids team (Boys & Girls) : Age group - 8+ to 14 years.
- Male / Female Teams : Age group - 14+ years
- Last date of registration 31st December 2022.
- Virtual selection of players (Male, Female & Kids) on Sunday, 15th January 2023. @ Maa Manglaya Bhavan, Borivali (W) (Entry by invitation only).
- Organizers reserve the right to change anything according to circumstances.

Online Google Form QR Code

For registration forms & enquiry, Contact

| Komal A. Rander (Event Coordinator) 91670 69086 | Sanjog G. Kabra (Event Coordinator) 80807 22421 | Neha Loya Chichani (Secretary) 98192 95949 |
|---|---|---|



खुशहाल जिन्दगी का राज,
जो खोया उसका गम नहीं और जो पाया है वो किसी से कम नहीं!

## युवती

| Sr. No. | Code No. | D.O.Birth | Height | Self | Nanihal | Education |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | G09611 | 17/01/1991 | 5'2" | Lakhotia | Mundra | BMS |
| 02 | G09613 | 12/01/1993 | 5'3" | Bang | Rathi | CA |
| 03 | G09814 | 11/03/1993 | 5'1" | Dangra | Mundra | MBA Finance and HR |
| 04 | G09667 | 19/03/1993 | 5'3" | Somani | Laddhad | B.ED, LLB |
| 05 | G09776 | 10/08/1994 | 5'3" | Bhutra | Agiwal | B.Tech. |
| 06 | G09668 | 01/05/1994 | 5'4" | Inani | Mantri | CA |
| 07 | G09666 | 02/07/1995 | 5'2" | Nawal | Rathi | MBA |
| 08 | G09617 | 10/09/1995 | 5'4" | Naval | Biyani | L.L.M,,M.A. |
| 09 | G09630 | 15/01/1995 | 5'1' | Malani | Rathi | CA |
| 10 | G09614 | 28/09/1995 | 5'3" | Totla | Toshniwal | MBA, Marketing |
| 11 | G09631 | 03/10/1995 | 5'4" | Birla | Somani | MBA |
| 12 | G09632 | 20/12/1996 | 5'2" | Kabra | Rathi | MBA |
| 13 | G09768 | 13/06/1996 | 5'3" | Mundra | Bhangadiya | CA, CS |
| 14 | G09612 | 22/03/1997 | 5'2' | Jagetia | Rathi | CA, CS |
| 15 | G09608 | 02/01/2001 | 5'8" | Totla | Birla | B.B.A |



## युवक

| Sr. No. | Code No. | D.O.Birth | Height | Self | Nanihal | Education |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | B09764 | 26/02/1989 | 5'7" | Bhutada | Daliya | B.E.(Mechanical), MBA |
| 02 | B09761 | 30/08/1990 | 5'10" | Baldwa | Dhuppad | M.B.B.S. |
| 03 | B09744 | 10/11/1992 | 5'8" | Bhattad | Zanwar | B.E. Civil, M.Tech. |
| 04 | B09763 | 07/01/1993 | 5'10" | Bhutada | Daliya | MBA |
| 05 | B09783 | 22/11/1993 | 5'10" | Rathi | Lahoti | B.Com. |
| 06 | B09743 | 10/06/1993 | 5'10" | Biyani | Rathi | B.Tech. MBA Marketing |
| 07 | B09683 | 18/10/1993 | 5'8" | Rathi | Bhattar | B.E.(Mechanical) |
| 08 | B09678 | 14/05/1994 | 5'9" | Lohiya | Chandak | MBA Marketing |
| 09 | B09767 | 07/01/1994 | 5'10" | Karwa | Chandak | B.E. (Electronics & Telecommunication) |
| 10 | B09675 | 04/08/1994 | 5'10" | Bihani | Malu | MBA Marketing |
| 11 | B09775 | 17/06/1994 | 6'1" | Baheti | Boob | Civil Engineering |
| 12 | B09815 | 27/11/1995 | 6'2" | Mungad | Jaithalia | M.E |
| 13 | B09701 | 03/01/1996 | 5'8" | Baheti | Chandak | Civil Engineering |
| 14 | B09806 | 22/07/1196 | 5'9" | Mundra | Jajoo | CA |
| 15 | B09740 | 10/09/1997 | 5'6" | Ladda | Sarda | M.Com |



## विवाह सहयोग समिति द्वारा आयोजित

# Digital Biodata Collection Seminar

शनिवार 24 दिसम्बर 2022 • अपराह्न 2 से सायं 5 बजे तक

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।

स्मिता / पूनम - 75067 17803 | कृष्णा झंवर - 99202 19100

---

रविवार 22 जनवरी 2023 • अपराह्न 2 से सायं 5 बजे तक

**स्थल :** गोरेगांव भवन, 5A/3/6, महेश नगर, गोरेगांव (प.)

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।

मोनिका मालपानी - 79772 06270 | मंजु लखानी - 93228 21764

समाजबन्धुओं से निवेदन है कि उपरोक्त आयोजनों का अधिकाधिक लाभ लेवें।
कल्पना लोहिया - संयोजिका - 93230 08960

जिस व्यक्ति ने कभी कोई गलती नहीं की,
उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की!

# मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

रविवार दि. 8 जनवरी 2023     स्थल : श्री षण्मुखानन्द सभागार, किंग्ज सर्कल

## RULES FOR AWARDING MERITORIOUS STUDENTS

### APPLICANT's ELIGIBILITY

- Applicant's Parents should presently be residing in Mumbai. MUMBAI includes City of Greater Mumbai viz. in Western Suburb upto Dahisar and in Mira Road, in Eastern Suburb upto Mulund.
- The children of existing members of Maheshwari Pragati Mandal (Mandal) residing at Thane & Bhayandar can also apply.
- Applicant should have passed the examination in one attempt.
- Students whose results were declared after 15 Dec 2021 and before 15 Dec 2022 are eligible for 2022 prizes and should apply with marking **ELIGIBLE FOR 2022**.

### COURSES/INSTITUTIONS ELIGIBLE

- Courses as listed in Annexure.
- Unless otherwise mentioned, courses have to be of 2 years or more duration.
- Courses offered by Institutions based/located in Mumbai and recognized by Mumbai University (MU), SNDT, Other Deemed Universities (ODU).
- Courses offered by institutions based/located in India, provided admissions are based on centralized system eg. JEE, NEET, IIM, NDA, CLAT etc.
- Courses specifically listed in annexure.
- Courses offered by institutions based/located outside India as per list.

### WHEN & WHERE TO APPLY

- Applicant should submit the form on or before **27th Dec. 2022**, 6 pm along with the necessary documents & students passport size photo only at Mandal's office (Maheshwari Bhawan, 603 JSS Road, Girgaum, Mumbai - 400002) & obtain the acknowledgement.
- Applications received after the said date, but before **31st Dec. 2022**, may be considered only for Certificate of Merit, which can be collected from Girgaum office within next 30 days.
- Application forms are available at Maheshwari Bhawans (Girgaum, Andheri & Ghatkopar) & Borivali Plot.
  Form can be obtained from Website: www.mumbaimaheshwari.com/download.

**Note :** For X and XII passed by different boards, in order to attempt leveling, marks obtained in best of 5 subjects would by considered for calculation of percentage.

Shiksha Sahayog Samiti's decision shall be final on selection/rejection of applications

Basantkumar Chandak - Sanyojak, Shiksha Sahyog Samiti - 98200 29920



आप जो कर रहे है, उससे अगर आप प्यार करते है,
तो आप जरूर सफल होंगे।

# Rules For Awarding Meritorious Students

| Category | Courses covered | | Gold | Silver |
|---|---|---|---|---|
| A | **$10^{th}$** or equivalent | | ⩾ 95% | ⩾ 90% |
| B | **$12^{th}$** or equivalent | Science | ⩾ 92% | ⩾ 85% |
| | | Commerce | ⩾ 90% | ⩾ 83% |
| | | Arts | ⩾ 85% | ⩾ 75% |
| C | **Diplomas** (after Xth/XIIth) | | ⩾ 85% | ⩾ 80% |
| D | **Graduation** – BCom, BSc, BCA, BAF, BBM, BMS etc | | ⩾ 85% | ⩾ 75% |
| | BA, LLB, Home Science | | ⩾ 80% | ⩾ 70% |
| | Design courses, Mass media, Actuarial Science, Geology etc, | | ⩾ 80% | ⩾ 70% |
| E | Post Graduate Diploma Courses | | ⩾ 80% | ⩾ 65% |
| F | **Post Graduate** – MSc, MCom, MA, LLM, Other PGs | | ⩾ 80% | ⩾ 65% |
| G | **PROFESSIONAL COURSES** | | | |
| | ICAI, ICWAI, ICSI & CFA (Final all groups in on attempt) | | ⩾ 58% | ⩾ 52% |
| | ICFAI (Level 3 only) | | ALL | |
| H | **ENGINEERING/ARCHITECTURE COURSES** | | | |
| | **GRADUATION** BTech, BE, B Arch etc from NITs, VJTI, SPCOE, JJ etc | | ⩾ 80% | ⩾ 65% |
| | **POST GRADUATION -** MTech, ME, MCA, M Arch etc | | | |
| | All campuses - IITs, IISc, BITS Pilani | | ALL | |
| I | **MANAGEMENT COURSES** | | | |
| | MBA / MMS / PGDM | | ⩾ 80% | ⩾ 65% |
| | Indian School of Business (ISB) (<2 years also) | | | |
| | All campuses - IIMs | | ALL | |
| J | **MEDICAL COURSES** | | | |
| | B Pharm, M Pharm | | ⩾ 80% | ⩾ 65% |
| | MBBS / BDS / BHMS / BAMS /Medical Graduation | | | |
| | PG Diplomas of CPS and University | | | |
| | PG Exams like MD / MS / Super Specialisations, DNB | | | |
| K | National Talent Scholarship Olympiad list Published by NCERT /NTSE | | ALL | |
| | PhD - Doctorate | | ALL | |
| | Passed UPSC/MPSC Administrative Exams ie. IAS, IFS, IRS, IPS etc | | ALL | |
| L | Any recognized Foreign institution as listed | | ALL | |
| | University of Oxford, UK | University of Cambridge, UK | | |
| | California Institute of Technology, USA | Massachusetts Institute of Technology USA (MIT) | | |
| | Stanford University, USA | Harvard University, USA | | |
| | Princeton University, USA | Yale University, USA | | |
| | Imperial College London UK | University of Chicago, USA | | |
| | ETH Zurich, Switzerland | | | |

कामयाब होने के लिये अकेले ही आगे बढ़ना पड़ता है,
लोग तो पीछे, तब आते है जब आप कामयाब होने लगते हैं!!

# "मुंडे मुंडे मतिर्भिन्ना"

जितने व्यक्ति होंगे उतनी ही उनकी धारणाएँ, बुद्धिमता व वैचारिक भिन्नतायें होगी। जब एक माता पिता की सन्तानें भी भिन्न भिन्न विचार व बुद्धिमता रखती है तब स्वाभाविक है विभिन्न व्यक्तियों में तो वैचारिक भिन्नता होगी ही। विभिन्न विचारधारा के निर्माण के पीछे उनका लालन पालन, शिक्षा व आस्था का बहुत बड़ा हाथ होता है। साथ ही जिस तरह के वातावरण में व्यक्ति आगे बढ़ता है उसका भी असर होता है।

संसार में प्रत्येक प्राणी सुखमय जीवन जीना चाहता है। यह सत्य है की कोई भी व्यक्ति अकेला नही जी सकता। अनेक तरह के सहयोगी व साथियों का साथ लेकर ही जीवन आगे चलता है। ये सहयोगी परिवार रिश्तेदार, मित्र, कलिग्स के रूप में साथी बनते है। स्वाभाविक है सबकी अपनी अपनी अलग विचार धाराएं भी होगी। ऐसे में आपसी सामन्जस्य बिठाना व एक दूसरे को समझते हुए कार्य करना होता है।

जीवन की सफलता में इस बात का बहुत महत्व है कि हम दूसरों के साथ किस तरह का व्यवहार करते हैं। किस तरह सम्वाद करते है, किस तरह अपनी और सामने वालों की विचार धारा में एकरूपता बनाते हैं। यदि आप चाहते है कि आपके विचारों को दूसरे सुने, समझे और माने तो इसका सबसे सर्वोत्तम तरीका है, आप भी दूसरो के विचारों को, माने या ना माने पर आदर पूर्वक शान्ति से सुने। जब तक हम दूसरों के विचारों को मान नही देंगे, हमारे विचारों को भी सम्मान नहीं मिलेगा। ये मनोविज्ञान द्वारा प्रमाणित तथ्य है कि जब दो व्यक्तियों के भिन्न भिन्न विचार समझ के साथ एक हो जाते है तब एक श्रेष्ठ विचार का निर्माण होता है।

पारिवारिक जीवन, विशेषरूप से दाम्पत्य जीवन में इस समय जो तनाव के मुख्य कारण बन रहे है, उसमें अपने विचारों के प्रति दृढ़ता व दूसरों के विचारों को पूर्णतया नकारना बहुत बड़ा कारण है। घर गृहस्थी कैसे चलाना, बच्चों का निर्माण, उनका लालन पालन, शिक्षा, अपने जीवन के सपने, काम काज, घूमना फिरना, मौज मनोरंजन इन सबमें जब वैचारिक भिन्नता बनी रहती है तो जीवन नीरस होने लगता है। तनाव बढ़ते बढ़ते अलगाव में बदलने लगता है, और फिर ये अलगाव अनेक तरह के बिखराव लाता है जो परिवार, गृहस्थी व सन्तान सबको दुविधा में डाल देता है।

कई बार व्यक्ति को यह लगता है कि वो अकेला अपने ढंग से जियेगा, अपनी विचारधारा के अनुरूप कार्य करेगा व अपने जीवन को आनन्ददायक बनायेगा। वास्तव में यह विचार सिर्फ विचार ही रह जाता है। जीवन कभी भी अकेले ना ही तो जिया जा सकता है, ना ही इसका आनन्द उठाया जा सकता है। जब आप किसी एक का साथ छोड़ेंगे तब निश्चित ही देर सवेर दूसरे का हाथ थामेंगे। ऐसे में फिर विचार धाराओं का सामन्जस्य बिठाना ही होगा। अतः यदि प्रत्येक व्यक्ति इस बात को समझ लेवें की सब बाते मेरे अनुरुप नहीं होगी, मेरी विचारधारा ही श्रेष्ठ नहीं है। अन्य लोग भी सुनते, समझते व कार्य करना जानते है तब स्वतः ही एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न होने लगेगी व आपसी समझ के साथ कार्य करने का आनन्द मिलने लगेगा।

विशेष रूप से यदि हमें अपना घर परिवार व दाम्पत्य जीवन सुखद बनाना हो तो परिवार के सभी सदस्यों के विचारों को समझना व सुनना होगा। समय के साथ जो परिवर्तन आये हैं व भविष्य में आयेंगे उनके साथ सामंजस्य बनाकर प्रेमपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता का निर्माण करना होगा।

## अकेले ही रह जावोगे

अकेले ही दौड़ोगे अकेले ही जीत जावोगे। जीत की कहानी फिर किसे सुनावोगे।।
बिना सुनाये मन पर थकान चढ़ जायेगी। बोले बिना जिन्दगी में हलचल मच जायेगी।।
चाहते हैं सुख का संसार बसाना। सीख लीजिए अपनों से सामंजस्य बनाना।।



जहां हमारा स्वार्थ समाप्त होता है,
वहीं से हमारी इन्सानियत आरम्भ होती है।

सामाजिक जीवन में जब अनेक कार्यकर्ताओं के साथ कार्य करना होता है, तब आपसी सम्वाद के साथ स्वयं की बात रखने का अधिकार व दूसरों की बात सुनने समझने का कर्तव्य भी बनता है। अलग अलग पृष्ठभूमि से आये हुए कार्यकर्ताओं में विचार भिन्नता रहना स्वभाविक बात है। ऐसे में मेरी बात ही ठीक है, इसी अनुरूप कार्य होना चाहिए, यह आग्रह उचित नहीं होता है। चूंकि हम लोकतान्त्रिक जीवन जीते हैं अतएव बहुमत के साथ रहने का प्रयास करना आवश्यक हो जाता है, अन्यथा सिर्फ विरोधाभास रहता है और कार्य रूक जाता है।

एक बड़ी प्रसिद्ध कहावत है :

'बुद्धिमान को सदैव ही सुनना, सहना और समझना पड़ता है'। अब यदि आप अपने आपको बुद्धिमान मानते है तो सहने, सुनने और समझने की शक्ति का विकास करे।

। इति शुभम् ।

**रमेश मरदा, मुम्बई** (सामाजिक व मोटिवेशनल चिन्तक) मो. 9821098196

## विवाह सहयोग समिति एवं केन्द्रीय युवा समिति

**के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित**

# सामाजिक विषय पर परिचर्चा

## वक्ता : श्री रमेशजी मरदा

**(सामाजिक व प्रेरक प्रवक्ता)**

**दि. 14 मार्च 2023 सायं 4 बजे • स्थल : माहेश्वरी भवन, अंधेरी**

**PLEASE SAVE THE DATE**

**कल्पना लोहिया** - संयोजिका
93230 08960
(विवाह सहयोग समिति)

**गौरव चेचाणी** - संयोजक
90222 40892
(केन्द्रीय युवा समिति)

## *Prevention is better than cure*

इस बात को ध्यान में रखते हुए मण्डल द्वारा रियायती दरों पर निम्नलिखित संस्थाओं के हेल्थ चेकअप पॅकेजेस Radiology (MRI) & Pathology Tests उपलब्ध करवाएं गये हैं।

समय समय पर इनकी सम्पूर्ण जानकारी सरसवाणी द्वारा प्रकाशित की जा रही है। यह जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.mumbaimaheshwari.com पर भी उपलब्ध करवाई गई है।

**स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें एवम् इन सुविधाओं का लाभ लेवें।**

- ✦ **कोकिलाबेन धीरुभाई अम्बानी अस्पताल - अंधेरी** ✦ **लीलावती अस्पताल - बान्द्रा**
- ✦ **गोदरेज मेमोरियल अस्पताल - विक्रोली** ✦ **बॉम्बे अस्पताल - न्यू मरीन लाईन्स**
- ✦ **मेट्रोपोलिस के Pathology Tests**
- ✦ **एवं पल्स हाईटेक हेल्थ सर्विसेस प्रा.लि. के Radiology (MRI) Tests**

एक सपने के टूटकर चकनाचूर हो जाने के बाद
दूसरा सपना देखने के हौसले को जिन्दगी कहते है!!

Inaugurated on Friday, 9th December , 2022

# Dakshin Mumbai Kshetriya Samiti
# Physiotherapy Center

**Maheshwari Bhavan, Gr. Flr., 603, JSS Road, Girgaon, Mumbai 400002**



## DR. MITISHA SHAH (BPTh)

**Monday | Wednesday | Friday**
**05:00 pm to 07:00 pm**

Experiencing Pain in Spine/Hips/Limbs/Knee,
Numbness or Tingling/Weakness in your limbs?

- Recovery from Paralysis
- Post-Surgery Recovery
- Cardio-Respiratory Conditions
- Improving Cardio-Vascular Endurance
- Neurological Conditions
- Spondylitis

**For Appointment Contact Smita Pawan/Poonam - 75067 17803 / 022 2200 5026 / 27 / 28**

Ramawatar Chandak - Sanyojak - 93234 50502

## अन्धेरी क्षेत्रीय समिति एवं दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा संचालित

## MEDICAL CONSULTANCY FACILITIES

### गिरगांव भवन एवं अंधेरी भवन

**Dr. Shraddhaji Maheshwari**
Consultant Neurosurgeon
(Brain & Spine Surgeon)
First Thursday of Every Month
4 - 6 pm at **Girgaon Bhavan**
First Monday of Month
5 - 6 pm at **Andheri Bhavan**

**Dr. Akankshaji Rathi Maheshwari**
Consultant Psychiatrist
First Thursday of Every Month
9 - 11 am at **Girgaon Bhavan**
First Wednesday of Every Month
2 - 4 pm at **Andheri Bhavan**

**Dr. Madhaviji Panpalia**, MS
(Gynecologist and Obstetrician)
Fertility Consultant
Wednesday - Every 15 Days
6 - 8 pm at **Girgaon Bhavan**

**Dr. Rohitji Somani**
MBBS, MS, DNB (ORTHO)
Consultant Orthopedic Surgeon
First Thursday of every month
5 - 7 pm at **Girgaon Bhawan**

**For more details & appointment contact (11.30 am to 7.30 pm)**
**Smita Pawan / Poonam - 75067 17803 / 022 2200 5026 / 27 / 28**

**ओमप्रकाश गान्धी** - संयोजक - अन्धेरी क्षेत्रीय समिति - 98200 41494
**रामअवतार चाण्डक** - संयोजक - दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति - 93234 50502



धैर्य और मौन शक्तिशाली उर्जा है।
धैर्य हमें मानसिक रूप से व मौन भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत

# चिकित्सा सहायता कोष द्वारा

## चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

**चिकित्सा हेतु आर्थिक सहयोग देना इस कोष का उद्देश्य है। आवेदन पत्र में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करें।**

- Medical Report के साथ मरीज के बीमारी की जानकारी।
- बीमार व्यक्ति की संक्षेप में पारिवारिक एवम् आर्थिक जानकारी।
- अब तक किये हुए खर्च की विगत एवम् अन्य संस्था द्वारा प्राप्त सहायता की जानकारी।
- भविष्य में इलाज के लिए होने वाले खर्च का डॉक्टर द्वारा प्रमाणित Cost Certificate
- मरीज की मेडीक्लेम पॉलिसी है अथवा नहीं।

**विशेष नोट :**

1) मुम्बई के बाहर निवास करने वाले समाजबन्धु को अपने स्थानीय माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा सिफारिश पत्र लेना अनिवार्य है।

2) आवेदक को अस्पताल के नाम से चेक दिया जाता है अत: अस्पताल में Admit होने से पूर्व या Admit होते ही आवेदन पत्र कार्यालय में पहुँच जाय इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

**आवेदन, पूर्ण विगत के साथ, मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।**
**माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002.**
**दूरध्वनि : 22005026 / 27 / 28**

Email : info@mpmmumbai.in • Website : www.mumbaimaheshwari.com

विज्ञापन



घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा रविवार दि. 13 नवम्बर 2022 को श्रीमती भूरीबेन गोलावाला सभागार, घाटकोपर (प.) में आयोजित वार्षिकोत्सव एवम् दीपावली स्नेहमिलन का कार्यक्रम लगभग 325 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वेंकटेशजी माहेश्वरी (माऊन्ट एवरेस्ट के प्रथम माहेश्वरी विजेता) के करकमलों से KG से 10वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र व रजत पदक प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। समाज के लगभग 50 कलाकारों द्वारा रामाक्षरी (एक अनोखी अन्ताक्षरी) तथा नृत्य नाटिका - रामायण की मनमोहक प्रस्तुति की गई। घाटकोपर क्षेत्रीय समिति की स्थापना के स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में घाटकोपर क्षेत्रीय समिति के पूर्व अध्यक्षों व संयोजकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्री वेंकटेशजी माहेश्वरी ने अपने उद्‌बोधन में स्वास्थ्य एवम् खानपान के सम्बन्ध में उपयुक्त जानकारी देते हुए अपने पर्वतारोहण की झलकियां दिखाई जिसकी सभी ने सराहना की। नवनीत लोया – संयोजक

मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा रविवार, दि. 13 नवम्बर 2022 को पावटे ग्राऊण्ड, मालाड (पूर्व) में आयोजित मालाड उत्सव, लगभग 1250 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि Plastiblend India Ltd. के Chairman व Manging Director डॉ. सत्यनारायणजी काबरा के करकमलों से KG से 10वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर अभिनन्दन किया गया। समाज के 89 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'युगचक्र-कल भी आज भी' की मनमोहक एवम् प्रेरणादायक प्रस्तुति का सभी ने आनन्द लिया। निखिल चाण्डक-संयोजक

दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 14 व 15 नवम्बर 2022 को आयोजित अलिबाग पिकनिक हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई जिसमें 39 बहने सम्मिलित हुई। समिति द्वारा दि. 4 दिसम्बर 2022 को गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भगवत गीता के अठारह अध्याय का सामुहिक पाठ (Virtual) श्रीमती सुनीताजी राठी द्वारा बहुत ही भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। लगभग 75 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया। दुर्गा चाण्डक-संयोजिका

गोरेगांव महिला समिति द्वारा दि. 14 नवम्बर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में गोरेगांव (पू.) स्थित सशीमंगलायम स्पेशल स्कूल के 65 बच्चों तथा शिक्षक व कर्मचारियों को भोजन करवाया एवम् फल वितरित किये गये। संगीता तोतला-संयोजिका

मध्य मुम्बई महिला समिति द्वारा दि. 25 नवम्बर 2022 को आयोजित राजभवन से सूर्योदय दर्शन का कार्यक्रम सुचारूरूप से सम्पन्न हुआ। राजभवन की ऐतिहासिक जानकारी से सभी को अवगत कराया गया एवम् राष्ट्रगान के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ। मंजु तोषनीवाल – संयोजिका

केन्द्रीय युवा समिति एवम् सभी क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में दि. 26 एवम् 27 नवम्बर को ठाकुर क्रिकेट स्टेडियम, कांदिवली (पू.) में खेल महोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। 15 से 19 तथा 19 से 40 वर्ष के युवक-युवतियों की Running Race, पुरूषों के लिये Volley ball, युवाओं के लिए Leather Ball Cricket तथा युवतियों के लिए Tennis Ball CricketTournament इसमें सम्पन्न हुए। Indoor Sports में कुल 180 खिलाडियों ने भाग लिया। क्रिकेट टुर्नामेन्ट में 8 क्षेत्रों की 6 टीम एवम् महिलाओं की 3 टीम ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गौरव चेचाणी – संयोजक

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

1. श्री भरतजी, श्री संजयजी एवं श्री शरदजी गग्गड़ के पूजनीय पिताजी तथा मालाड क्षेत्रीय समिति के पूर्व वित्त संयोजक श्री सूरजमलजी गग्गड़ का वैकुण्ठवास दि. 12 दिसम्बर 2022 को 85 वर्ष की आयु में ठाणे में हो गया।
2. मण्डल के आजीवन सदस्य श्री सत्यनारायणजी तोषनीवाल की माताजी श्रीमती चुकीदेवी रामकिशनजी तोषनीवाल का वैकुण्ठवास रविवार, दिनांक 20 नवम्बर 2022 को मुम्बई में हो गया।
3. मण्डल के आजीवन सदस्य श्री बिनोदजी एवम् श्री बिरेन्द्रजी झंवर की पूजनीय माताजी श्रीमती भगवतीदेवी सीतारामजी झंवर का वैकुण्ठवास शुक्रवार दि.17 नवम्बर 2022 को 83 वर्ष की आयु में हो गया।
4. श्री गणेशजी एवम् सीए श्री दुर्गेशजी काबरा की पूजनीय माताजी श्रीमती रतनकुँवर श्यामलालजी काबरा का वैकुण्ठवास मंगलवार, दिनांक 8 नवम्बर 2022 को 86 वर्ष की आयु में हो गया।
5. मण्डल के आजीवन सदस्य श्री रमेशजी, श्री भगवानजी, श्री नारायणजी एवम् राधेश्यामजी भूरा की बहन श्रीमती कमलादेवी रामेश्वरजी राठी का वैकुण्ठवास रविवार दिनांक 30 अक्टूबर 2022 को 81 वर्ष की आयु में हो गया।
6. मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति के सदस्य श्री पुरुषोत्तमजी कारवा के ज्येष्ठ भ्राता श्री मुरलीमनोहरजी कारवा का वैकुण्ठवास दि. 18 अक्टूबर 2022 को 78 वर्ष की आयु में हो गया।

**दिवंगत आत्मा को चिरशांति हेतु भगवान महेश के चरणों में प्रार्थना।** **- मंत्री**

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम



संघर्ष थकाता जरूर है लेकिन
हमें बाहर से सुन्दर और अन्दर से मजबूत बनाता है।


kolorsworld.com
KOLORS®
make life better
Transforming phenomenal spaces.
Choose from a variety of modular switches and accessories that have long been favoured by interior designers, architects, and, of course, customers. Find the ones that best complement your decor, whether it be modern or ethnic, as well as your own preferences.
Kolors India Private Limited
401, Vastu Prestige, Sundarban Complex, Link Road, Andheri (W), Mumbai - 400 053
Toll-free : 1800 221 470 | E : sales@kolorsworld.com | Follow us on:

।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।।



।। ॐ श्रीपरमात्मने नमः ।।

## सत्संग समिति, मुम्बई द्वारा आयोजित

## सिंहस्थलपीठाधीश्वर श्री १००८

# श्री क्षमारामजी महाराज

## के सानिध्य में श्री रामचरितमानस के सामुहिक पाठ एवं सत्संग का भव्य आयोजन

**दिनांक : शनिवार ७ जनवरी से रविवार १५ जनवरी २०२३**

समस्त सत्संगप्रेमियों को सहर्ष सूचित किया जाता है कि भगवान् लक्ष्मीनारायणजी की असीम कृपा से मुम्बई महानगरी में श्रीरामचरितमानसके नवाह्न पारायणका भव्य एवं दुर्लभ आयोजन होने जा रहा है। श्रीरामचरितमानसकी प्रत्येक चौपाई वेद-मन्त्रके समान है। नौ का अंक पूर्ण माना जाता है। इसलिये नवाह्न पारायण करने से जीवन की सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। यही पारायण यदि सन्तों के सान्निध्यमें किया जाय तो और भी विशेष लाभ होता है। प्रभुकृपासे आपको ऐसा दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ है, इससे पूर्ण लाभ उठायें।

### कार्यक्रम

1. **श्री रामचरितमानसका सामूहिक पाठ (महाराज श्री के साथ) : दिनांक ७ से १५ जनवरी तक**
   (सन्त-वाणी का कैसेट भी सुनाया जायेगा)
   **समय :** दोपहर १२.१५ बजे से सायं लगभग ५ बजे तक
   **स्थान : श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, जे. बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई.**
2. **स्तुति एवं प्रवचन दि. ७ से १५ जनवरी तक -** प्रतिदिन प्रात : ५ बजे से
   (सन्त-वाणी के मार्मिक प्रवचन का कैसेट सुनाया जायेगा)। समय से पहुँचना अनिवार्य है।
3. **कीर्तन, भजन एवं सत्संग दि. ७ से १५ जनवरी तक -** प्रतिदिन सांय ८ बजे से लगभग ९ बजे तक
   स्थान : गोपाल कुंज - पोस्ट ऑफिस के सामने जे. बी. नगर, अंधेरी (पूर्व)

**सम्पर्क सूत्र**
**9820035569, 9820082843**

**निवेदक**
**सत्संग समिति, मुंबई**

**नोट :** 1) **कार्यक्रम-सम्बधी अन्य आवश्यक एवं परिवर्तित सूचनाएँ समय-समयपर सत्संग-स्थल में दी जाती रहेंगी।**
2) **पारायण-स्थलपर अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।**

जैसे शरीरके लिये भोजन आवश्यक है , ऐसे ही पारमार्थिक जीवनके लिये सत्संग आवश्यक है।
सत्संग हमारे पुरुषार्थ से नहीं मिलता, प्रत्युत केवल भगवत्कृपासे मिलता है। - संतवाणी

।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।। ।। राम ।।



ताकत आवाज में नहीं, अपने विचारों में रखो,
क्योंकि फसल बारिश से होती है, बाढ़ से नहीं।



# राधाकृष्ण एक - अलौकिक लीला अनेक

श्रीराधारानी एवं श्रीकृष्ण की लीला पर आधारित
इस कार्यक्रम की शुरुआत मनमोहक नृत्य, संगीत
और भगवान श्रीकृष्ण की श्रृंगार लीलाओं से सुसज्जित
40 से भी अधिक उत्कृष्ट कलाकारों के अभिनय से होती है।
सुप्रसिद्ध गायकों, संगीत कलाकारों एवं शब्दों के शिल्पकारों द्वारा
श्रीकृष्ण भक्ति का साक्षात्कार होता है।

**कार्यक्रम का अत्यन्त रोचक समापन श्रीनाथजी की जीवन्त झाँकी के अद्भुत दर्शन द्वारा होगा। वर्तमान समय के इस व्यस्त जीवन से मुक्ति पाकर आप श्रीकृष्ण भक्ति में मग्न होकर इस कार्यक्रम द्वारा भक्ति और आनंद की गहराईयों का अनुभव करेंगे।**

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह
## सभागार में प्रवेश एवम् बैठने की व्यवस्था हेतु विनम्र निवेदन

1) प्रवेश पत्र पर अलग अलग खण्ड/ द्वार अंकित है। **कार्यक्रम समाप्त होने तक अपनी सीट नहीं बदलें।**
2) ग्राउन्ड फ्लोअर में प्रताप खण्ड, भामाशाह खण्ड एवम् कालिदास खण्ड के अलग अलग प्रवेश पत्र हैं एवम् प्रत्येक खण्ड के द्वार निर्धारित है। कृपया अपने निर्धारित द्वार से ही प्रवेश करें एवम् उसी खण्ड में स्थान ग्रहण करें।
3) भामाशाह खण्ड के प्रवेश पत्र धारक को सभागार पर Seat No. लेना है।
4) कालिदास खण्ड के प्रवेश पत्र धारकों को शिक्षा सहयोग समिति के काउन्टर से Seat No. नम्बर लेना है।
5) सदस्यों को इसी सरसवाणी के अन्तिम पृष्ठ को द्वार पर दिखाने से प्रवेश मिलेगा एवम् उनकी बैठने की व्यवस्था First Come First Serve अनुरूप Balcony में है।
6) समिति संख्या में भामाशाह खण्ड के Contributory Pass मण्डल कार्यालय, गिरगांव भवन में उपलब्ध है। इच्छुक समाजबन्धु 27 दिसम्बर 2022 से 5 जनवरी 2023 तक 'First Come First Serve' के अनुरूप Contributory Pass सीट नम्बर सहित प्राप्त कर सकते हैं।
7) सीमित संख्या में वैले पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।
8) अपरिहार्य कारण से भोजन पैकेट्स की व्यवस्था नहीं की गई है।

नारायण मालपानी - मंत्री

## राधाकृष्ण लाहोटी कोष में अनुदान हेतु विनम्र निवेदन।

मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री राधाकृष्णजी लाहोटी के निधन के बाद वर्ष 1977 में उनकी स्मृति में राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति कोष की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य असहाय बन्धु-बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

आपसे नम्र निवेदन है कि निम्नलिखित मांगलिक प्रसंगों के उपलक्ष्य में अपना समुचित अनुदान मण्डल में भेजकर इस पुनित कार्य में सहयोगी बनें। इसमें दी गई राशि पर आयकर की धारा 80G के अन्तर्गत छूट प्राप्त है। कृपया चेक Maheshwari Pragati Mandal के नाम से मण्डल कार्यालय में प्रेषित करें।

★ पुत्र/पुत्री के विवाह के उपलक्ष्य में ★ दादा-दादी एवं नाना-नानी बनने के उपलक्ष्य में। ★ परिवार के सदस्यों के स्मृति दिन अवसर पर। ★ नूतन गृहप्रवेश के अवसर पर। ★ जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ/रजत-स्वर्ण जयन्ती आदि प्रसंगों पर।

कल्पना लोहिया - 93230 08960 - संयोजिका (विवाह सहयोग समिति)

कर्म पर विश्वास रखो और ईश्वर पर आस्था,
कितना भी मुश्किल वक्त क्यों न हो, निकलेगा जरूर रास्ता!

Post Reg.No. MCS / 047 / 2022-24 RNI No. 22705 / 72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO.Mumbai 400 001.Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

# माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि : **श्री भूषणजी गगराणी** (IAS)

(अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, महाराष्ट्र शासन)

रविवार दि. 8 जनवरी 2023 प्रात: 9.45 से अपराह्न 2 बजे तक

स्थल : श्री षण्मुखानन्द चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई

## राधाकृष्ण एक अलौकिक लीला अनेक

नृत्य, गीत एवं भक्ति का अनूठा संगम

**निर्मिति**

श्री भूपेश पटेल एवं
श्री भार्गव पटेल



समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक**

रामकिशोर दरक - अध्यक्ष
घनश्याम रान्दड़ - संयोजक
(वार्षिक कार्यक्रम समिति)

प्रमोदकुमार देवपुरा - अध्यक्ष
नारायण मालपानी - मंत्री
(माहेश्वरी प्रगति मण्डल)

सरसवाणी

Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani

 **if not delivered please return at : Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002**